# हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें




एनटीपीसी लिमिटेड, 67907.5 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है, एवं इसकी विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण एनर्जी वैल्यू चेन में उपस्थिति है। देश की विकास चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी को अपनी **तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना, जिला चमोली (उत्तराखंड)** के लिए नीचे दिए विवरणों के अनुसार **निश्चित अवधि के आधार पर** 04 वर्षों के लिए (जिसे 01 वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर आगे 03 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।) **मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग** क्षेत्र में **अनुभवी पेशेवरों** की तलाश है:

**अ. पद का नामः कार्यकारी (हाइड्रो)-मैकेनिकल- 05 पद**

**योग्यता :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई/बी.टैक

**ब. पद का नामः कार्यकारी (हाइड्रो)-सिविल- 10 पद**

**योग्यता :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में बीई/बी.टैक

**सभी पदों के लिए आवश्यक अनुभव :** जल विद्युत परियोजनाओं/स्टेशनों के निर्माण/इरेक्शन/इंजीनियरिंग में योग्यता पश्चात् 01 वर्ष का अनुभव।

**सभी पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा :** 35 वर्ष

**मासिक पारितोषिकः** रुपये 60000/- प्रति माह (सीटीसी) की निश्चित समेकित राशि। एचआरए/कम्पनी आवास एवं चिकित्सीय सुविधाएं अतिरिक्त उपलब्ध कराया जाएगा।

**रिक्तियां**

| योग्यता | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल | 04 | | 01 | | | 05 |
| सिविल | 06 | 01 | 02 | 01 | | 10 |

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार हैं। ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां माननीय सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के आधार पर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार हैं।

**चिन्हित अक्षमताओं के प्रकार - कार्यकारी (हाइड्रो-मैकेनिकल) पद के लिए :** अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी स) एसएलडी, एमआई द) (अ) से (स) तक युक्त एमडी, **कार्यकारी (हाइड्रो-सिविल) पद के लिए :** अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी स) एसएलडी, एमआई द) (अ) से (स) तक युक्त एमडी

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार को अच्छे स्वास्थ्य का होना चाहिए। पदभार से पूर्व, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा एवं निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

**सामान्य शर्तें:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने हेतु पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/आवश्यक अनुभव/योग्यताओ की सभी गणनाएं विज्ञापन में दी हुई ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर की जाएंगी। परिणाम घोषित होने/अंक पत्र जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी। किसी भी पद/स्तर पर योग्यता पश्चात् अनुभव की गणना उक्त तिथि से ही की जाएगी।
4. आवश्यकता होने पर, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारो की संख्या को सीमित करने के लिए, प्रबंधन ऑनलाइन स्क्रीनिंग करने/शॉर्टलिस्ट करने/चयन परीक्षा आयोजित करने या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
5. किसी श्रेणी विशेष के संबंध में दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/अपिव/अजा/अजजा/ पीडब्लूबीडी प्रमाणपत्र, जो भी उचित हो, की एक प्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। उन पदों के लिए जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्तियों की पहचान की गई है, वहां पर अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, अपिव उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। दिनांक 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के सामान्य अधिवासियों को 5 वर्ष की छूट है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट है। इसके अलावा, जहां भी ऐसी श्रेणी के लिए किसी रिक्ति की पहचान की गई है, तो शैक्षिक योग्यता के संबंध में, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने के लिए केवल उत्तीर्ण अंक ही आवश्यक होंगे।
6. आवश्यकता के आधार पर, कम्पनी बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/जेवी/सहायक कम्पनी में होगी। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार के अंतर्गत हस्तांतरणीय हैं।
8. किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्दिष्ट तिथि के अनुसार उल्लिखित योग्यता एवं अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है एवं उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही निरस्त कर दी जाएगी। यदि उपरोक्त में से नियुक्ति के पश्चात् भी कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जाएंगी। किसी प्रकार की सिफारिश में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
9. मात्र इस तथ्य से कि उम्मीदवार ने विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन किया है और वह विज्ञापन में दिए हुए निर्धारित पात्रता मानदंड स्पष्ट तौर पर पूरा करता है तो उसे निश्चित तौर पर चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं होगा।
10. इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में आवेदन को लेकर किसी भी प्रकार के दावे अथवा विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में की जा सकती है और केवल दिल्ली स्थित आदालतों/अधिकरणों/फोरम को ही ऐसे किसी मामले/विवाद की सुनवाई का पूर्ण और विशिष्ट कार्याधिकार होगा।
11. यदि अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य रूपांतरण को लेकर किसी प्रकार की अस्पष्टता/विवाद होगा तो केवल अंग्रेज़ी रूपांतर ही मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** के केरियर सेक्शन पर जाएं। आवेदन का कोई अन्य साधन/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी होना आवश्यक है। एनटीपीसी उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को रु. 300/- के अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क का भुगतान अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम श्रेणी एवं महिला उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन पद्धति में भुगतानः** भारतीय स्टेट बैंक की सीएजी ब्रांच, नई दिल्ली (कोडः 09996), में एनटीपीसी की ओर से विशेष रूप से खोले गए खाते **(खाता सं. 30987919993)** में पंजीकरण शुल्क प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को 'पे–इन–स्लिप', जो कि आवेदन–पत्र पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है, के प्रिंट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा में सम्पर्क करना होगा। फीस सही प्रकार से जमा करने के लिए आबंटित खाते में सही राशि जमा करने के लिए केवल पोर्टल से प्रिंटिड पे–इन–स्लिप का प्रयोग करना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक विशिष्ट जर्नल नंबर और राशि प्राप्त करने वाले बैंक की शाखा का कोड जारी करेगा। इस जर्नल नंबर और शाखा कोड को उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरना होगा। यदि उम्मीदवार किसी गलत खाते में राशि जमा करता है तो इसके लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन पद्धति में भुगतानः** उम्मीदवार के पास पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (केवल रुपे कार्डस्)/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) भुगतान करने का भी विकल्प है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन शुरू करने से पहले शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होगा। सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात्, ऑनलाइन आवेदन में चालान नंबर, बैंक संदर्भ संख्या, भुगतान की तिथि भरना आवश्यक है।

**एक बार भुगतान हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों की जांच कर लें।** ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात्, उम्मीदवार को विशिष्ट पंजीकरण संख्या सहित सिस्टम सृजित पंजीकरण स्लिप डाउनलोड करना आवश्यक है। पंजीकरण स्लिप की प्रतिलिपि उम्मीदवार द्वारा भविष्य के संदर्भ के लिए रखी जा सकती है। डाक के माध्यम से हमें कोई भी दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

पद के लिए आवेदन करते समय, यह अनिवार्य है कि पात्र उम्मीदवार विज्ञापन को पूर्ण रूप से पढ़ लें तथा उसमें दी गई सभी शर्तों से सहमत हो।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि:** | **16.11.2021** |
| **ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि:** | **30.11.2021** |

**एनटीपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 (सीआईएनः L40101DL1975GOI007966) वेबसाइट : **www.ntpc.co.in**

विज्ञापन सं.- 10/21

हमें फॉलो करें /ntpc1 ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited /ntpc_limited

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

Size : 25W x 28H